# खरीफ फसलों के लिए 1 लाख 74 हजार हेक्टयर रकबे का लक्ष्य

### बीज बैंक एवं बीज उत्पादक समितियों को क्रियाशील करें-डीएम
### खरीफ फसलों की तैयारी के लिए बैठक आयोजित




**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने कहा है कि श्योपुर जिले में खरीफ फसलो के 1 लाख 74 हजार 840 हेक्टयर रकबे का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अंतर्गत दलहन एवं तिलहन फसलों को बढावा देने का कार्य किया जायें। इसके साथ ही उन्होंने जिले में बीज बैंक एवं बीज उत्पादक समितियों को क्रियाशील करने के निर्देश भी दियें। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में खरीफ फसलों की तैयारियों के लिए आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उप संचालक कृषि श्री जीके पचौरी, एसएडीओ श्री अरूण शाक्य, एआरसीएस श्री ध्रुव कुमार झारिया, उप संचालक मस्त्य श्री बीपी झसिया, सीसीबी नोडल श्री दिनेश गुप्ता, उद्यानिकी विभाग श्री एसएस प्रजापति, विपणन अधिकारी श्री सतेन्द्र सिंह तोमर, जिला परामर्शदाता कृषि श्री विश्म्भर गौड सहित पशुपालन आदि विभागो के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने गत वर्ष खरीफ फसलो की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि ज्वार, बाजरा, मक्का जैसे मोटे अनाज तथा तिलहन फसलों तिल, सोयाबीन, मूगफली तथा दलहन फसलो मूंग, अरहर, उडद का रकबा बढाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जायें। गत वर्ष रबी फसल का रकबा 1 लाख 58 हजार 686 हेक्टयर था, जिसमें 4 लाख 83 हजार 603 मैट्रिक टन खरीफ फसलों का उत्पादन हुआ। उन्होंने खरीफ फसलों की तैयारियों के संबंध में निर्देश दिये कि समुचित मात्रा में खाद का भण्डारण कर वितरण की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। उन्होने कहा कि किसानों को डीएपी खाद के स्थान पर एनपीके उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जायें। बैठक में बताया गया कि खरीफ के लिए इस वर्ष कुल 1 लाख 74 हजार 840 हेक्टयर रकबा प्रस्तावित किया गया है, जिसमें 88 हजार धान के लिए, 25 हजार बाजरा, 22 हजार तिल की फसल, 8 हजार सोयाबीन फसल, 5 हजार मक्का एवं 4 हजार हेक्टयर रकबा मूंगफली की फसल का अनुमानित है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि ड्रिप एवं स्प्रीकंलर के माध्यम से सिंचाई को बढाया जायें तथा किसानों को सबसिडी प्रदान कर स्प्रीकंलर लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जायें। बताया गया कि गत वर्ष 357 स्प्रीकंलर सेट प्रदाय किये गये। इस बार 1950 हेक्टयर रकबा स्प्रीकंलर से सिंचाई हेतु लक्षित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि आगामी खरीफ फसल के दौरान धान फसल के उत्पादन को दृष्टिगत रखते हुए जिले में पराली प्रबंधन के प्रयास किये जायें तथा शासन की योजना के तहत किसानों को सुपरसीडर एवं हैप्पी सीडर खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया जायें। इस वर्ष 30 सुपर सीडर तथा 20 हैप्पी सीडर का लक्ष्य शासन द्वारा अनुदानित योजना अंतर्गत रखा गया है। उन्होने कहा कि प्राकृतिक खेती के लिए कलस्टर विकसित किये जायें। प्राकृतिक खेती प्रोजेक्ट के तहत जिले में 2 से 3 गांवों को शामिल करते हुए 25 कलस्टर बनाये जाने है, इसके लिए कृषि विभाग द्वारा संपूर्ण तैयारियां सुनिश्चित की जायें। प्रोजेक्ट के तहत 3 हजार 125 किसानों को प्राकृतिक खेती से जोडा जाना है।

**खरीफ फसलो के लिए उर्वरक का पर्याप्त भण्डारण करने के निर्देश**

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने बैठक के दौरान निर्देश दिये कि खरीफ फसलो के लिए पर्याप्त मात्रा में उर्वरक का भण्डारण सुनिश्चित किया जाये तथा आवश्यकता के समय वितरण की सुलभ सुविधा उपलब्ध कराई जायें। उन्होने कहा कि डीएपी के स्थान पर एनपीके के उपयोग को बढाया जायें। बैठक में जानकारी दी गई कि खरीफ फसलो के लिए 26 हजार 870 मैट्रिक टन यूरिया, 7 हजार 500 मैट्रिक टन डीएपी, 7 हजार 500 मैट्रिक टन एनपीके, 5 हजार मैट्रिक टन एसएससी एवं 200 मैट्रिक टन एमओपी की डिमांड भेजी गई है। वर्तमान में 5 हजार 937 मैट्रिक टन यूरिया, 2058 मैट्रिक टन डीएपी, 4706 मैट्रिक टन एनपीके, 3202 मैट्रिक टन एसएससी एवं 44 मैट्रिक टन एमओपी की उपलब्धता है। इस वर्ष अभी तक 5 हजार 24 मैट्रिक टन यूरिया, 3 हजार 77 मैट्रिक टन डीएपी, 1 हजार 398 मैट्रिक टन एसएसपी, 17 मैट्रिक टन एमओपी एवं 1 हजार 412 मैट्रिक टन एनपीके का वितरण किया जा चुका है।

## पॉलीटेक्निक कॉलेज श्योपुर में प्रवेश की अंतिम तिथि 13 अगस्त

**श्योपुर ब्यूरो।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय श्योपुर में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है, प्रवेश लेने की अंतिम तिथि बढाकर 13 अगस्त निर्धारित है। प्राचार्य महाविद्यालय ने बताया कि वर्तमान में महाविद्यालय की तीन ब्रांच सिविल इंजीनियरिंग, कम्प्युटर साइंस इंजीनियरिंग एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग संचालित है। इच्छुक विद्यार्थी इन ब्रांचो में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते है। प्रवेश के लिए ेजजचरूध्ध्कजमण्उचवदसपदमण्हवअण्पद पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते है, अथवा पॉलिटेक्निक कॉलेज में पंहुचकर निःशुल्क रजिस्ट्रेशन करवा सकते है, इसके अलावा विद्यार्थी मोबाइल नंबर 8560962460, 9878129644, 7024945143 एवं 7999126180 पर प्रवेश के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# आयुष्मान भारत निरामयम अभियान के तहत स्वास्थ्य जांच जारी



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार आयुष्मान भारत निरामयम 2.0 अभियान के तहत आशा कार्यकर्ता एवं आशा सुपरवाईजर द्वारा घर-घर जाकर 4 प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदाय की जा रही है। जिसके तहत बच्चों की एचबीएनसी एवं एचबीवाईसी के तहत जांच जैसे वजन लेना, तापमान लेना, धडकन देखना, उपचार देना आदि सुविधाएं भी प्रदाय की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम लहचौडा में बच्चों की स्वास्थ्य जांच के दौरान 5 वर्षीय बालक कार्तिक पुत्र श्री शिशुलाल सुमन को टाइफाइड के कारण एनीमिक होने पर बीसीएम श्रीमती नीतू तोमर, आरबीएसके प्रभारी श्रीमती स्नेहलता गुर्जर, डॉ सबीना खान, सुपरवाइजर के सहयोग से जिला अस्पताल स्थित पीआईसीयू में भर्ती कराया गया है। जिसका डॉ संजय मंगल द्वारा उपचार किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ. डीएस सिकरवार ने बताया कि उक्त अभियान अंतर्गत जो 4 प्रकार की सेवाएं डोर टू डोर उपलब्ध कराई जा रही है, उनमें 70 वर्ष से अधिक उम्र के हितग्राहीयों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने, स्वास्थ्य सेवा में हाईरिस्क बच्चे मिलने पर उनको स्वास्थ्य संस्थाओं में रेफर कर उपचार कराना तथा स्वास्थ्य सेवा में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के फोलोअप करना और कोई खतरे के लक्षण होने पर उनको स्वास्थ्य संस्था पर समय पर रेफर कर उपचार उपलब्ध कराना शामिल है।

## बीएलओ, कैम्पस एम्बेसेडर को सोशल मीडिया प्लेटफार्म से जुडने के निर्देश

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अर्पित वर्मा द्वारा निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के समस्त बीएलओ एवं अन्य शासकीय अधिकारी, कर्मचारी, ईएलसी ग्रुप, कैम्पस एम्बेसेडर को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश के सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स एवं यू-ट्यूब से जुडने के निर्देश दिये गये है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश के सोशल मीडिया प्लेटफार्म https://x.com/CEOMPElections, https:// youtube.com/ @ceompelections, https://www.instagram.com/ceompsveep, https://www.facebook.com/CEOMPElections को फॉलो करने हेतु निर्देश जारी किये गये है।

## एनीमिया मुक्त भारत पर अयोजित जागरूकता कार्यशाला




**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में एनीमिया मुक्त भारत अभियान अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विजयपुर में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीबीएमओ डॉ एसएन बिंदल, डीपीएम डॉ.हेमंत रावत, स्वास्थ्य विभाग के मीडिया अधिकारी श्री आरबी शाक्य, डीसीएम श्री अमित श्रीवास, श्री प्रमोद वर्मा साहित बीपीएम, बीईई, बीसीएम आदि उपस्थित थे। वर्कशॉप में बताया गया कि आंगनवाड़ी केंद्र, स्कूल में एनीमिया मुक्त श्योपुर बनाने के लिए 6 माह से 59 माह तक के बच्चे आईएफए सिरप, 5 साल से 10 साल तक के बच्चे को आयरन की गुलाबी गोली, 11 से 19 साल तक किशोर-किशोरियों को आयरन की नीली गोली प्रति सप्ताह मंगलवार को खिलाई जाती है, जिसके साथ-साथ आयरन गोली के सेवन के लाभ के बारे में किशोर किशोरी सहित आम नागरिको में जागरुकता लाना जरूरी है, आयरन की गोली के खाने से शारीरिक क्षमता के साथ मानसिक विकास में वृद्धि होती है, बच्चो में एकाग्रता बढ़ती है, जिससे बच्चो की पढाई एवं खेलो में रूचि बढती है। इस अवसर पर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत आंगनबाडी और स्कूलों में पोस्टर डिस्प्ले करने हेतु प्रचार-सामग्री का वितरण किया गया।

# सहकारी संस्थाओं के माध्यम से सीएससी संचालित करने के निर्देश

### मत्स्यपालन समितियों से जुडे सदस्यों के केसीसी बनाये जायें-डीएम




**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि जिले में संचालित बहुउद्देशीय प्राथमिक सेवा सहकारी संस्थाओं के माध्यम से कॉमन सर्विस सेंटर संचालित किये जायें, जिससे क्षेत्रीय ग्रामीणों और संस्था से जुडे कृषको को सीएससी की सेवाएं उपलब्ध हों। इसके साथ ही उन्होने मत्स्यपालन समितियों के सदस्यों के केसीसी बनाये जाने के निर्देश भी दियें। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कृषि आदान विभागों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। बैठक में उप संचालक कृषि श्री जीके पचौरी, एसएडीओ श्री अरूण शाक्य, एआरसीएस श्री ध्रुव कुमार झारिया, उप संचालक मस्त्य श्री बीपी झसिया, सीसीबी नोडल श्री दिनेश गुप्ता, उद्यानिकी विभाग श्री एसएस प्रजापति, विपणन अधिकारी श्री सतेन्द्र सिंह तोमर, मंडी सचिव श्री एसडी गुप्ता, जिला परामर्शदाता कृषि श्री विश्म्भर गौड सहित पशुपालन आदि विभागो के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने सहकारिता विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि जिले में 47 संस्थाएं संचालित है, इनमें से कॉमन सर्विस सेंटर के लिए 31 आईडी एक्टिवेट है, उन्होने कहा कि सहकारी संस्थाओं पर सीएससी का संचालन व्यवस्थित तरीके से सुनिश्चित किया जायें एवं सभी संस्थाओं की आईडी एक्टिवेट कराई जायें। उन्होने निर्देश दिये कि जिला सहकारी बैंक के माध्यम से मत्स्य कृषको के केसीसी बनाये जायें, वर्तमान में मत्स्यपालन विभाग अंतर्गत पंजीकृत मत्स्यपालन समितियों के 577 सदस्य है, इनके केसीसी कार्ड सहकारी बैंक के माध्यम से बनाया जाना सुनिश्चित करें।

## धरती आभा अभियान के तहत आज 19 को इन ग्रामों में लगेंगे शिविर

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार विभिन्न योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से धरती आभा अभियान अंतर्गत जिले के तीनों विकासखंड में 15 जून से 30 जून तक शिविर आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में आज 19 जून को श्योपुर विकासखण्ड के ग्राम हासिलपुर, जवासा, ज्वालापुर, नयागांव, ढोढपुर, मेकडाखेडी, सिरसौद, गलमान्या एवं ननावद में शिविर का आयोजन होगा। इसी प्रकार कराहल विकासखण्ड के ग्राम मयापुर, सेसईपुरा, करियादेह एवं सलमान्या में भी शिविर आयोजित किये जायेगे। धरती आबा अभियान के तहत आज 19 जून को विजयपुर विकासखण्ड के ग्राम धौरेरा, गोहर, चिमलवानी, दोर्द, गोहरा, जमूर्दी एवं किन्नपुरा में शिविर का आयोजन होगा। सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण श्री रिशु सुमन ने बताया कि शिविर के दौरान आधार कार्ड, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति एवं मूल निवासी प्रमाण पत्र, केसीसी, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन खाता, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मुद्रा ऋण सहित अन्य रोजगारमूलक योजनाओं में लाभ, पीएम मातृत्व योजना, आवास योजना आदि का लाभ प्रदान किया जायेगा। प्रत्येक शिविर के लिए नोडल अधिकारी तथा सहयोगी दल नियुक्त किये गये है।

# दिव्यांगजनों का अधिकार अधिनियम, 2016 के आलोक में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर सम्पन्न

### बच्चों को दी गई विधिक जानकारियां




**भिण्ड ब्यूरो।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर तथा उमेश पाण्डव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड के आदेशानुसार ए.जी. कोचिंग क्लासेस, भिण्ड में नालसा द्वारा संचालित योजना ''मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं योजना अंतर्गत दिव्यांगजनों का अधिकार अधिनियम, 2016 के आलोक में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में उपस्थित सुश्री अनुभूति गुप्ता, न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भिण्ड द्वारा नालसा की ''मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं योजना अंतर्गत दिव्यांगजनों का अधिकार अधिनियम, 2016 में विहित अधिकारों के बारें में जानकारी दी गई। बच्चों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारें में भी अवगत कराया गया तथा बच्चों को सामान्य कानूनों के बारें में भी जानकारी दी गई जिससे बच्चे अपने आस-पास के लोगों को भी इसके बारें में जागरूक कर सके। इसके अतिरिक्त बच्चों को संविधान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि संविधान भारत का मूल दस्तावेज है जिसके अंतर्गत् न सिर्फ उनके मूल अधिकार एवं कर्तव्य आदि प्रदाय किये गये है बल्कि भारतीय कानून व्यवस्था सरकार आदि को भी सजोह कर उनकी शक्तियों तथा उन शक्तियों के प्रयोग आदि का वर्णन भी किया गया है। अतः सभी बच्चों के लिए यह जानना आवश्यक है कि वे संविधान के प्रति जागरूक बने तथा संविधान के आर्दशों का पालन करें।

साथ ही मूल अधिकारों एवं कर्तव्यों के संबध में भी विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। उक्त अवसर पर श्री अजय त्रिपाठी, डिप्टी चीफ, श्रीमती साधना मिश्रा, असिस्टेंट एल.ए.डी.सी. एवं कोचिंग के प्राचार्य श्री संजीव यादव एवं श्री मनीष शुक्ला, बच्चे तथा श्री मनोज कुमार श्रीवास, पीएलव्ही, भिण्ड उपस्थित रहें।

# बिजली की समस्याओं को लेकर किसानों का धरना बरसते पानी में तीसरे दिन भी जारी रहा।




**सबलगढ़।** ग्रामीण क्षेत्र खासकर माधौगढ़ के आसपास के गांव की बिजली की समस्याओं को लेकर किसानों का धरना आन्दोलन बिजली कंपनी कार्यालय पर बरसते पानी में तीसरे दिन भी जारी रहा। किसान खुले आसमान के नीचे बैठे रहे, बिजली की समस्या को लेकर नारेबाजी करते रहे, किसानों ने यह निर्णय लिया हुआ है कि अगर समस्या का हल नहीं हुआ। टूटी-फूटी लाइन नहीं बदली गई, ट्रांसफार्मर फुके हुए नहीं बदले गए, बड़े सब स्टेशन का निर्माण कराने की कार्रवाई शुरू नहीं हुई, तो किसान आगामी दिनों में आंदोलन को और तेज करने का निर्णय लिए हुए हैं। जिसमें प्रदर्शन, सत्याग्रह, पुतला दहन, आदि कार्यवाहियां भी करेंगे। आज धरने के तीसरे दिन किसान नेता सर्वश्री जगन्नाथ सिंह धाकड़ पूर्व जनपद सदस्य, भौरूलाल धाकड़, मांगीलाल धाकड़, परमाल मास्टर ,वासुदेव सिंह, गोपाल गोपी इत्यादि बैठे। किसान पूरे दिन नारेबाजी करते रहे, किसानों की सभा आयोजित होती रही। आगामी दिनों में आंदोलन को तेज करने की तैयारी है।

## एनसीसी शिविर में मेजर जनरल विक्रांत एम. धूमने का प्रेरणादायक दौरा, युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रोत्साहन



**भिण्ड ब्यूरो।** मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ एनसीसी निदेशालय के अपर महानिदेशक (एडीजी) मेजर जनरल विक्रांत एम. धूमने ने 30 मध्य प्रदेश बटालियन एनसीसी, भिंड द्वारा आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के आठवें दिन का दौरा किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर, मेजर जनरल धूमने के साथ ब्रिगेडियर के.डी.एस. झाला भी उपस्थित रहे। मेजर जनरल धूमने का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया, जो एनसीसी कैडेट्स द्वारा उनके प्रति सम्मान और अनुशासन का प्रतीक था। अपने दौरे के दौरान मेजर जनरल धूमने ने शिविर के विभिन्न हिस्सों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने फायरिंग रेंज का दौरा किया, जहाँ उन्होंने कैडेट्स द्वारा किए जा रहे प्रशिक्षण का अवलोकन किया और उनकी दक्षता की सराहना की। इसके अतिरिक्त उन्होंने पूरे शिविर परिसर का विस्तृत जायजा लिया, जिसमें आवास, भोजनालय और प्रशिक्षण क्षेत्र शामिल थे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कैडेट्स को सर्वोत्तम संभव सुविधाएं मिलें। निरीक्षण के उपरांत मेजर जनरल धूमने ने शिविर में उपस्थित 400 से अधिक कैडेट्स को संबोधित किया। उनका व्याख्यान अत्यंत प्रेरणादायक था, जिसमें उन्होंने एनसीसी के अनगिनत लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने समझाया कि एनसीसी केवल वर्दी पहनने या परेड करने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं में नेतृत्व क्षमता, आत्म-अनुशासन, और राष्ट्रभक्ति जैसे गुणों का विकास करती है। उन्होंने विभिन्न प्रकार के एनसीसी शिविरों का भी उल्लेख किया, जैसे कि थल सेना कैंप, वायु सेना कैंप, नौ सेना कैंप, साहसिक प्रशिक्षण कैंप और राष्टीय एकता कैंप और कैडेट्स को इन शिविरों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि ये शिविर कैडेट्स को विभिन्न चुनौतियों का सामना करने और टीम वर्क के महत्व को समझने का अवसर प्रदान करते हैं। मेजर जनरल धूमने ने विशेष रूप से सभी एनसीसी कैडेट्स को सशस्त्र बलों में शामिल होने और राष्ट की निस्वार्थ सेवा करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एनसीसी प्रशिक्षण कैडेट्स को सैन्य जीवन शैली की एक झलक प्रदान करता है, जिससे उनमें अनुशासन, समय प्रबंधन, और टीम भावना जैसे आवश्यक गुण विकसित होते हैं, जो न केवल सेना में बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने यह भी बताया कि एनसीसी शिविर में कैडेट्स विभिन्न गतिविधियों में भाग ले सकते हैं, जैसे कि ड्रिल, मैप रीडिंग, प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन और हथियार प्रशिक्षण, जो उन्हें भविष्य के लिए तैयार करते हैं। इस अवसर पर 30 एम.पी. बटालियन एनसीसी भिंड के कमान अधिकारी कर्नल कुलवंत सिंह कुहाड़, कर्नल अविनेंदर, सूबेदार मेजर मदन सिंह, ए.एन.ओ. और समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। यह दौरा कैडेट्स के लिए अविस्मरणीय अनुभव रहा, जिसने उन्हें न केवल प्रेरित किया बल्कि देश के प्रति उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों के बारे में भी जागरूक किया। मेजर जनरल धूमने के शब्दों ने कैडेट्स में एक नई ऊर्जा का संचार किया और उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

# जिला अंतर्गत चलाया जा रहा है बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम एवं बाल शोषण उन्मूलन अभियान

### बाल भिक्षावृत्ति अथवा बाल शोषण होता हुआ दिखाई देने पर तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर संपर्क करें



**भिण्ड ब्यूरो।** कलेक्टर श्री संजीव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री पवन तिवारी के निर्देशन में मध्य प्रदेश शासन महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार जिला अंतर्गत बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम एवं बाल शोषण उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है उक्त अभियान के क्रम में जिला स्तर पर कलेक्टर भिण्ड द्वारा दल गठित किया गया है। जिसमें महिला बाल विकास, श्रम विभाग, बाल कल्याण समिति, विशेष किशोर पुलिस इकाई के प्रतिनिधि सम्मिलित किए गए हैं, उक्त अभियान द्वारा जिला मुख्यालय एवं प्रमुख विकासखंडों में निरंतर भ्रमण किया जा रहा है। दल के द्वारा सघन सर्वे करते हुए विकासखंड गोहद में प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, प्रमुख मंदिरों पर भ्रमण किया गया एवं गांव में भी सघन भ्रमण किया जा रहा है साथ ही दल द्वारा बाल भिक्षावृति रोकथाम के संबंध में पोस्ट, कलेंडर, ब्रोसर, पंपलेट भी वितरित किए जा रहे हैं सार्वजनिक स्थलों पर प्रमुख दुकानदारों सब्जी वालों मिठाई वालों की दुकान प्रमुख धार्मिक स्थलों पर मंदिरों से समन्वय कर उक्त पोस्टर, कैलेंडर प्रचार प्रसार सामग्री वितरित कर सभी से अनुरोध किया जा रहा है कि यदि कोई बालक उनके नजदीक बाल भिक्षावृत्ति में अथवा किसी का बाल शोषण होता हुआ दिखाई देता है तो तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर संपर्क कर सकते हैं अथवा डायल 100 पुलिस और महिला बाल विकास को सीधे संपर्क कर सकते हैं। उक्त दल में बाल संरक्षण अधिकारी श्री अनिल कुमार शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता विनीता मौर्य, आउटरीच कार्यकर्ता अनिरुद्ध शर्मा, दीपेंद्र शर्मा, विशेष किशोर पुलिस इकाई से योगेंद्र बब्बर, प्रधान आरक्षक मुन्ना सिंह नरवरिया, बाल कल्याण समिति से अध्यक्ष अनुजकांत उदैनिया द्वारा प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर लोगों से व्यक्तिगत बातचीत करके ऐसे बच्चों के चिन्हांकन की भी बात कही गई साथ ही उन्हें योजना के संबंध में पोस्टर, कैलेंडर एवं अन्य सामग्री प्रदाय कर उनसे अनुरोध किया गया कि यदि ऐसा कोई उनके आसपास भी बालक बाल भिक्षावृति अथवा जो कोई बालकों से भिक्षावृति कराता है कोई बालक ऐसा करते हुए प्राप्त होता है तो तत्काल बाल कल्याण समिति, चाइल्ड हेल्पलाइन महिला बाल विकास, पुलिस, को सूचना देकर उनके संरक्षण में अपना सहयोग दे सकते हैं बाल संरक्षण अधिकारी अजय सक्सेना के द्वारा अवगत कराया गया कि शासन निर्देशानुसार बाल भिक्षा वृति, बाल शोषण रोकथाम अभियान प्रत्येक 3 माह में संचालित किया जाता है उक्त अभियान की अवधि 10 से 15 दिन की होती है शासन की निर्देशानुसार उक्त अभियान न केवल 3 महीने में अपितु आवश्यकता पड़ने पर अथवा सूचना मिलने पर भी तत्काल कार्यवाही की जाती है। यदि किसी को इस प्रकार की कोई घटना दिखती हैं तो तत्काल संज्ञान में लाकर बच्चों के संरक्षण में सहयोग करें।

## जवाहर नवोदय विद्यालय बिरखड़ी में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित

**भिण्ड ब्यूरो।** पीएम श्री स्कूल ज.न.वि. बिरखड़ी के प्राचार्य ने बताया है कि जवाहर नवोदय विद्यालय बिरखड़ी, रौन जिला भिण्ड में सत्र 2026-27 में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु केवल ऑनलाइन माध्यम से आवेदन पत्र भरे जाने हैं, जिसकी अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 तक है। विस्तृत जानकारी हेतु नवोदय विद्यालय समिति मुख्यालय की वेबसाइट ॅ.दंअवकंलं.हवअ.पद पर देख सकते हैं। परीक्षा दिनांक 13 दिसंबर 2025 दिन शनिवार को सम्पन्न होगी। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय बिरखड़ी, रौन में आवेदन हेतु भिण्ड जिले के किसी भी सरकारी अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालय से शैक्षणिक सत्र 2025-26 में कक्षा पांचवी में पूरे सत्र अध्ययनरत होकर उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी का जन्म 01 मई 2014 से पूर्व एवं 31 जुलाई 2016 (दोनों तिथि सम्मिलित) के बीच का होना चाहिए। उक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करते समय अभ्यर्थी का फोटो, माताध्पिता एवं अभ्यर्थी के हस्ताक्षर, प्रधानाध्यापक द्वारा प्रमाणित अध्ययन प्रमाण पत्र एवं आधार नम्बरध् सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र आवश्यक है। नवोदय विद्यालय समिति की बेवसाइड से अध्ययन प्रमाण पत्र का प्रपत्र डाउनलोड किया जा सकता है। अभ्यर्थी अपना आई.डी., पासवर्ड, प्रधानाध्यापक का मूल आवेदन तथा आवेदन के बाद प्रिन्ट कागजों को सुरक्षित रखें। परीक्षा परिणाम घोषित होने से पूर्व अभ्यर्थी अपना जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, समग्र आई.डी. एवं आधार कार्ड तैयार रखें।

# लापता नाबालिग का कुए में मिला शव, परिजनों का 4 युवकों पर हत्या का आरोप

## आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु परिजनों ने थाने के बाहर किया चक्का जाम



**शिवपुरी ब्यूरो।** पिछोर थाना क्षेत्र के ककरौआ ठुन्री गांव में मंगलवार सुबह 16 वर्षीय नाबालिग का शव खेत में बने कुएं से मिला। युवती सोमवार दोपहर से लापता थी। परिजनों ने गांव के चार युवकों पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने के बाहर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। पुलिस के अनुसार, मृतका शिवकुमारी लोधी सोमवार दोपहर को अपनी छोटी बहन के साथ खेत पर मवेशियों को देखने गई थी। कुछ देर बाद बहन घर लौट आई, लेकिन शिवकुमारी नहीं लौटी। देर शाम तक जब वह नहीं मिली तो परिजन उसे ढूंढने निकले। छोटी बहन अनुष्का ने परिजनों को बताया कि खेत से लौटते समय उसने शिवकुमारी को गांव के युवक लवकुश लोधी से फोन पर बात करते देखा था। इसके आधार पर परिजनों ने पिछोर थाने में सूचना दी। रात करीब 2 बजे पुलिस ने अपहरण की धाराओं में केस दर्ज किया। मंगलवार सुबह गांव के ही एक खेत में बने कुएं से शिवकुमारी का शव बरामद हुआ। इससे गुस्साए परिजन शव को थाने के बाहर ले आए और चक्काजाम कर दिया। परिजनों ने गांव के लवकुश लोधी, राजेंद्र लोधी, दातार लोधी और नीलेश लोधी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि ये युवक गागा' नाम के अश्लील वीडियो ऐप से जुड़े हैं और युवतियों पर इसमें वीडियो बनाने का दबाव डालते हैं। परिजन का आरोप है कि जब शिवकुमारी ने इनकार किया तो उसे अगवा कर हत्या कर दी गई। परिजनों ने बिना पोस्टमार्टम कराए शव को सड़क पर रख दिया और आरोपियों पर हत्या का केस दर्ज करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जब तक हत्या की धाराओं में मामला दर्ज नहीं किया जाएगा, तब तक अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा।

**इनका कहना है**

पहले इस मामले में अपहरण की धाराओं में प्रकरण दर्ज हुआ था। अब मृतिका की लाश मिली है इसमें पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्यवाही की जाएगी।

**जितेन्द्र मावई, थाना प्रभारी पिछोर**

# बैराड़ पुलिस ने 1 लाख 60 हजार रूपए की स्मैक के साथ एक बालक को किया गिरफ्तार

**शिवपुरी ब्यूरो।** बैराड़ थाना पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 1 लाख 60 हजार रूपए की 8.20 ग्राम स्मैक के साथ एक बालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी स्मैक को बेचने के लिए बैराड़ आया हुआ था और वह स्मैक को खपाने के लिए सर्किट हाउस के पास खड़ा था जिसे पुलिस ने दबोच लिया। बैराड़ टीआई रविशंकर कौशल को मुखबिर से सूचना मिली कि पुराना खण्डहर सर्किट हाउस बैराड़ के पास एक व्यक्ति स्मैक बेचने की फिराक में खड़ा है। उक्त सूचना पर बताए गए स्थान पर दविश दी तो वहां से एक बालक को पकड़ा। जब बालक की तलाशी ली गई तो उसके पास से 8.20 ग्राम स्मैक कीमत 1 लाख 60 हजार रूपए जब्त की गई। पुलिस ने बालक के विरुद्ध अपराध क्रमांक 174/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक रविशंकर कौशल, सउनि तेज सिंह गौड़, सउनि हरिओम पाण्डेय, आर. ज्ञान सिंह रावत, रणजीत रावत, अतर सिह रावत, लोकेन्द्र सिह, अरूण जादौन की विशेष भूमिका रही।

# पैतृक संपत्ति को लेकर दो भाईयों के बीच विवाद गहराया, भाई-भाभी पर मकान कब्जाने का आरोप

## एसपी से शिकायत में भाई बोला- पत्नी, बेटियों को मारते हैं



**शिवपुरी ब्यूरो।** शहर के लुधावली इलाके में पैतृक संपत्ति को लेकर दो भाइयों के बीच विवाद गहराता जा रहा है। मामला एसपी ऑफिस तक पहुंच गया है। बुधवार को भानू धाकड़ नामक युवक ने एसपी कार्यालय पहुंचकर भाई जयपाल और भाभी ममता पर प्रताड़ना और मारपीट के गंभीर आरोप लगाए। भानू ने बताया कि उसने करीब 12 साल पहले अंतरजातीय विवाह किया था, जिसके बाद से भाई जयपाल का व्यवहार पूरी तरह बदल गया। पिता के निधन के बाद पैतृक संपत्ति को लेकर विवाद शुरू हुआ, जो अब हिंसा और मानसिक प्रताड़ना तक पहुंच गया है। भानू पेशे से ड्राइवर हैं। जब वह ड्यूटी पर रहते हैं, तब उनकी पत्नी सोनम और तीन बेटियों को भाई-भाभी परेशान करते हैं। विवाद दो मंजिला पुश्तैनी मकान को लेकर है, जिसमें भानू की मां भी निवास करती हैं। आरोप है कि जयपाल और ममता इस मकान पर कब्जा कर उसे बेचना चाहते हैं। पीड़ित ने बताया कि 18 जून को जब वह घर पर नहीं थे, तब उनकी पत्नी के साथ मारपीट की गई और उसे घर से निकालने की कोशिश भी की गई। इस मामले में ममता के मायके वाले भी शामिल हैं, जो बूढ़ी बरोद गांव से आकर जयपाल का साथ दे रहे हैं। भानू को आशंका है कि आरोपी परिवार को नुकसान पहुंचा सकते हैं या उन्हें झूठे केस में फंसा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पहले भी उनके खिलाफ फर्जी शिकायत की जा चुकी है। पीड़ित ने एसपी से मांग की है कि आरोपी भाई-भाभी और उनके साथियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और उनके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पूर्व कैबीनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया के जन्मदिन पर आज की जाएगी बालगृह में सेवा, कै. श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी (अम्मा महाराज) समिति का आयोजन



**शिवपुरी ब्यूरो।** शिवपुरी के विकास में अग्रणीय भूमिका निभाने वाली पूर्व कैबीनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया के आज 19 जून जन्मदिवस के अवसर पर संस्था कै. श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी (अम्मा महाराज) समिति, शिवपुरी के तत्वाधान में स्थानीय अस्पताल चौराहा स्थित बालगृह आश्रम पहुंचकर सेवा कार्य किया जाएगा। इस दौरान बालगृह में रहने वाले बच्चों को जरूरी सामग्री का वितरण भी किया जाएगा। इस अवसर पर कै. श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी (अम्मा महाराज) समिति, शिवपुरी के अध्यक्ष तेजमल सांखला ने बताया कि अंचल की प्रणेता व हम सब की प्रेरणास्त्रोत, प्रदेश की पूर्व वरिष्ठ केबिनेट मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया (महाराज साहब) के जन्मदिवस के उपलक्ष में आज 19 जून को स्थान मंगलम के पास, अस्पताल चौराहा पर कै. श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी (अम्मा महाराज) समिति, शिवपुरी के द्वारा सेवा कार्य करते हुए सुबह 10 बजे बाल ग्रह में निवासित बच्चों के मध्य शिक्षा से संबंधित दैनिक उपयोग की सामग्री भेंट की जाएगी। इस दौरान इस सेवा कार्य में सभी से अनुरोध है इस पुण्य दिवस अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस आयोजन में सहभागिता निभाएं।

# प्रसिद्ध जैन साध्वी अमीपूर्णा जी ठाणा 6 सतियां का चार्तुमास शिवपुरी में होगा

## -मंगल प्रवेश जून के अंतिम सप्ताह में संभावित, प्रथम कार्यक्रम पार्श्र्वनाथ जैन मंदिर के 34 वें ध्वजा रोहण समारोह में होंगे शामिल



**शिवपुरी ब्यूरो।** प्रसिद्ध जैन साध्वी गुरूमाता श्री अमितगुणा जी महाराज साहब की सुशिष्या पुज्य अमीपूर्णा श्रीजी , अमीदर्शा श्रीजी, अमीवर्षा श्रीजी, मृदुपूर्णा श्रीजी, अर्पणा श्रीजी, जैनम पूर्र्णा श्रीजी महाराज साहब ठाणा 6 सतियों का चार्तुमास इस वर्ष श्वेताम्बर पार्श्वनाथ जैन मंदिर परिसर में होना तय हुआ है। शिवपुरी में चार्तुमास करने वाली साध्वी जी पदविहार करती हुई शिवपुरी पधार रही है। श्वेताम्बर मूर्तिपूजक जैन समाज के अध्यक्ष तेजमल सांखला द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार साध्वी जी आज व्यावरा के पास पहुंच गई है और 21 जून को गुना आना संभावित है। शिवपुरी में उनका नगर प्रवेश 25 से 27 जून के बीच हो सकता है और वह प्रथम कार्र्यक्रम पार्श्वनाथ श्वेताम्बर जैन मंदिर की वर्षगांठ के अवसर पर 34 वें ध्वजा रोहण समारोह में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। जैन साध्वियों के चार्तुमास हेतु नगर प्रवेश से शिवपुरी जैन समाज में उत्साह का वातावरण है। श्वेताम्बर जैन समाज द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रसिद्ध जैन साध्वी अमीपूर्र्णा जी महाराज से शिवपुरी में चार्तुमास करने की विनती जैन समाज ने की थी। शिवपुरी से चार्र्तुमास विनती हेतु समाज का प्रतिनिधि मंडल जैन तीर्थ मक्सी गया था। जिसमें अध्यक्ष तेजमल सांखला, महामंत्री विजय पारख, संरक्षक दशरथमल सांखला, मुकेश भांडावत, अजय सांखला शामिल थे। जैन समाज के प्रतिनिधि मंडल ने साध्वी जी से शिवपुरी में चार्तुमास करने की विनती की। जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। चार्तुमास हेतु साध्वी जी का पदविहार शुरू हो गया और 18 जून को वह पदविहार करती हुई ब्यावरा के नजदीक पहुंच गई है और संभावना है कि वह 21 जून तक गुना पहुंचेगी। इसके बाद उनका शिवपुरी विहार होगा तथा शिवपुरी में उनका मंगल प्रवेश 25 जून के बाद कभी भी हो सकता है। अध्यक्ष श्री सांखला ने जानकारी देते हुए बताया कि शिवपुरी में चार्तुमास करने वाली जैन साध्वी परम पूज्य देवसुर तपागच्छ समाचारी संरक्षक श्री सागरानंद सुरिश्वर जी महाराज साहब की समुदाय वरती पूज्य मनोहर फलगू श्रीजी की सुशिष्या मातृ हृदय पूज्य श्री अमित गुणा श्रीजी महाराज साहब की सुशिष्या हैं।

# अज्ञात चोरों ने उड़ाए घर से नगदी सहित जेबर, जरूरी कागजात भी ले गए



**शिवपुरी ब्यूरो।** बदरवास थाना क्षेत्र के ग्राम श्रीपुर चक में मंगलवार रात करीब 2:30 बजे 3-4 अज्ञात चोर सुनील परिहार के घर में घुस गए। चोरों ने पहले कच्चे मकान का रुख किया। वहां से उन्होंने कपड़े, कागजात और रुपए रखे दो बक्से चुरा लिए। इसके बाद वे पक्के मकान की तरफ बढ़े। वहां सुनील के पिता कप्तान सिंह परिहार सो रहे थे। चोरों ने उनके कमरे को बाहर से बंद कर दिया। फिर दूसरे कमरे की अलमारी से नकदी और जेवरात निकाल लिए। कप्तान सिंह को दरवाजा खोलने की आवाज सुनाई दी। उन्होंने खिड़की से बाहर झांका। उन्हें काले कपड़ों में दो लोग भागते हुए दिखाई दिए। वे खिड़की से बाहर निकले और दरवाजा खोला। इसके बाद उन्होंने परिजनों को जगाया। पीड़ित ने बदरवास थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# लक्ष्य बनाकर मेहनत करें विधार्थी तो सफलता आपके कदम चूमेगी : शिक्षाविद् डॉ. मीना

## शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ.कांता मीना का हुआ सम्मान

**जयपुर।** शिक्षक संघ एलिमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) राजस्थान द्वारा द्वितीय कैरियर गाइडेंस एवं विधार्थी गौरव सम्मान व शिक्षक रत्न सम्मान समारोह का आयोजन मंगलवार को रविंद रंगमंच में हुआ। कार्यक्रम में मंचासीन अतिथियों ने 751 सीबीएसई एवं राजस्थान बोर्ड के 10 वीं व 12 वीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की फोटो पर दीप प्रज्वलित से हुई। कार्यक्रम में अतिथियों एवं विषय विशेषज्ञों का संघ का दुपट्टा एवं स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में कैरियर गाइडेंस के बारे में जानकारी देते हुए शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ.कांता मीना ने कहा आपको जो सम्मान मिला है वो आपकी मेहनत का ही परिणाम है। यह सम्मान समारोह आपको दायित्व बोध कराता है। आप मेहनत करेंगे तो आपकी सफलता में हर कोई मदद करेगा।इसलिए आप अपने जीवन के लक्ष्य को निर्धारित करते हुए ईमानदारी से प्रयास करें,निश्चित रूप से आपको सफलता हासिल होगी।आपका यह सम्मान व सफलता समाज के लोगों को प्रेरणा देने का काम करेगा। इस अवसर पर आयोजन कमेटी द्वारा शिक्षाविद् एवं साहित्यकार डॉ.कांता मीना का दुप्टा पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर



सम्मान किया।सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा महेंद्र कुमार शर्मा,पीबीएम अस्पताल के अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र कुमार वर्मा,केंद्रीय सेवा एवं वस्तु कर के सहायक आयुक्त भूपेंद्र छिपा,धर्मेंद्र उपाध्याय एवं बीडीयू के सचिव डॉ.कुलराज मीणा, महाराजा गंगासिंह विश्व वि?द्यालय के विज्ञान विभाग के अधिष्ठाता एवं प्रो.अनिल कुमार छंगाणी व विशिष्ट अतिथि राजकीय विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.भगवाना राम विश्नोई ,डुगर कॉलेज के प्रो.राजकुमार ठठेरा,जिला शिक्षा अधिकारी,माध्यमिक डॉ.रामगोपाल शर्मा,स्टाफ ऑफिसर निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ.अशोक शर्मा,डीईओ रामसिंह मीणा रहें साथ ही कैरियर गाइडेंस के रूप में विषय विशेषज्ञों सुभाष विश्नोई,कुमार विप्लव सर,मनोज कुमार मीना,महेंद्र कुमार मीना,दिनेश शर्मा,संदीप मांझू,सुनीता मोहता ने संबोधित किया। मंच संचालन मदन मोहन मोदी, पवन कुमार ने किया। संघ के जिलाध्यक्ष सीता राम डूडी एवं जिला महामंत्री पवन शर्मा ने संगठन के बारे में जानकारी दी एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। शिक्षक संघ रेसटा द्वारा आयोजित विधार्थी गौरव सम्मान व शिक्षक रत्न सम्मान समारोह में कैरियर प्वाइंट,बीकानेर के निदेशक दिनेश खीचड़,कपिल महोबिया,नितिन जागिड़,शिक्षक संघ रेसटा के प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद,प्रदेश कोषाध्यक्ष श्याम सुन्दर विश्नोई,विधि सचिव हनुमान शर्मा,जिलाध्यक्ष सीताराम डूडी,जिला महामंत्री पवन शर्मा,जिला सभाध्यक्ष गोपाल शर्मा,जिला प्रवक्ता अविनाश आशिया,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कुमार यादव,जिला उपाध्यक्ष सुनील शर्मा,जिला महासचिव डूंगर दान,जिला विधि सचिव नीतू जैन,बीकानेर ब्लॉक अध्यक्ष भंवर लाल आचार्य,नोखा ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कड़वासरा,कोलायत ब्लॉक अध्यक्ष रामदयाल धायल, सुभाष विश्नोई, शिवरतन विश्नोई,विकास बिश्नोई सहित सैकड़ों पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# सचिव ने किया बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह धौलपुर का निरीक्षण

## सभी बालकों को बताएं उनके कानूनी अधिकार एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के बारे में दी जानकारी



**धौलपुर ब्यूरो।** सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश रेखा यादव द्वारा राजकीय बाल संप्रेषण एवं शिशु गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय कुल 12 विधि से संघर्षरत एवं 2 देखरेख एवं संरक्षण एवं 1 शिशु पाए गए। सचिव ने राजकीय सम्प्रेषण एवं किशोर गृह में बाल अपचारियों की संख्या, उनके मुकदमों, स्वास्थ्य जांच, परिजनों से मिलने का समय, संस्था में पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था, बच्चों के भोजन, आवास, चिकित्सीय व्यवस्था, रसोईघर, शौचालय, स्नानगृह, पेयजल, उनकी दिनचर्या, बाल अपचारियों के अपराध सुधार हेतु किए जा रहे प्रयासों सुरक्षा के लिए तैनात गार्ड एवं सीसीटीवी कैमरों आदि के संबंध में निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जिसमें एक बालक ने अपनी स्वयं के द्वारा बनाई पेंटिंग दिखाई। इस दौरान उन्होंने पेंटिंग एवं किताबों के संबंध में सामग्री की कमी को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए एवं निरीक्षण के समय एक शिशु की देखरेख एवं स्वास्थ्य देखभाल के भी निर्देश दिए साथ ही उन्होंने विधि से संघर्षरत बालकों को नालसा बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं स्कीम 2024 नालसा स्कूल छोड़ने वाले एवं वंचित बच्चों के लिए विधिक सहायता योजना 2025 के अंतर्गत आने वाले संवैधानिक विधिक अधिकारों के बारे में विस्तार से बताया साथ ही बाल अपचारियों को प्रदान निःशुल्क विधिक सहायता आदि के संबंध में पूछताछ की गई। सचिव ने बाल अपचारियों को साइबर क्राइम एवं अन्य अपराधों से दूर रहने एवं शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया एवं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को देखते हुए सभी बालकों को नियमित रूप से योग करने के लिए भी प्रेरित किया और योग करने के फायदे के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संप्रेषण गृह में कमरों की साफ-सफाई एवं बच्चों को पढ़ने की किताबें उपलब्ध कराने के आवश्यक निर्देश दिए तथा गर्मी के मौसम को देखते हुए बच्चों को आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर संप्रेषण गृह के संजय, स्टेनो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राहुल डंडोतिया एवं योगा टीचर दिनेश कुमार, हेमंत आदि मौजूद रहे।

# सचिव ने किया वृद्धाश्रम का निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**धौलपुर ब्यूरो।** सदस्य सचिव राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेखा यादव ने हाउसिंग बोर्ड स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया तथा वृद्धाश्रम में आवासित वरिष्ठजनों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं का जायजा लिया एवं वृद्धजनों को प्राथमिक उपचार किट एवं मैनू अनुसार समय पर भोजन एवं सुरक्षा व्यवस्था इत्यादि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सचिव ने वृद्धाश्रम में रह रहे वृद्धजनों की समस्याएं सुनी एवं उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया जिसमें 9 वृद्धजन उपस्थित मिले तथा सभी वृद्धजनों से उनको दिए गए नाश्ता, भोजन एवं मेडिकल के संबंध में जानकारी ली तथा सभी वृद्धजनों से उनकी पेंशन के बारे में भी जानकारी ली। वृद्धाश्रम की साफ सफाई का जायजा लिया तथा वृद्धाश्रम में सचिव ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं का निर्माण किया गया है साथ ही सचिव ने नालसा वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2016, नालसा गरीबी उन्मूलन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विधिक सेवाएं योजना 2015, नालसा मानसिक रूप से बीमार व बौद्धिक रूप से असक्षम व्यक्तियों को विधिक सेवाएं स्कीम 2024 के अंतर्गत आने वाले संवैधानिक विधिक अधिकारों के बारे में उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों को जानकारी दी एवं वरिष्ठ नागरिकों को प्रदान की जाने



वाली मूलभूत सुविधाओं साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, भोजन, आवास, चिकित्सीय सुविधाओं इत्यादि का जायजा लिया। उन्होंने वृद्धाश्रम प्रभारी को निर्देश दिए कि वृद्धाश्रम में उपलब्ध मानकों के अनुसार पर्याप्त एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण के दौरान एक वृद्धजन ने अपनी बीमारी के बारे में बताया तथा एक वृद्धजन ने पेंशन बंद होने का ज़िक्र किया। जिसको सचिव द्वारा मौके पर उनकी पेंशन चालू करवाने हेतु आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने वृद्धाश्रम के कमरों, रसोईघर, शौचालय, स्नानगृह इत्यादि का भी अवलोकन किया तथा उपस्थित स्टाफ को वृद्धजनों को गर्मी से बचाव हेतु आवश्यक सुविधाएं मुहैया कराने के दिशा-निर्देश दिये एवं वृद्धजनों को समय समय पर मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

# प्रगतिशील कृषकों से चर्चा, किसान चौपाल एवं जल परीक्षण सहित विभिन्न कार्यक्रमों का होगा आयोजन

**धौलपुर ब्यूरो।** वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' का प्रारंभ 5 जून से किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य वर्षा जल का अधिकतम संग्रहण, पारंपरिक जल स्त्रोतों का संरक्षण, जनसहभागिता से स्वच्छता तथा जागरूकता को बढ़ावा देना है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि अभियान 5 जून से 20 जून, 2025 तक मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 19 जून गुरूवार को कृषि एवं उद्यान विभाग द्वारा स्प्रिंकलर, ड्रिप, फॉर्म पौण्ड, पाईप लाइन की स्वीकृति जारी करना, डीबीटी के माध्यम से राशि जारी करना, प्राकृति, जैविक, प्रीसीजन खेती, सूक्ष्म सिंचाई पद्धति पर कार्यशाला एवं प्रदर्शनी, स्वीकृत कार्यो का लोकार्पण एवं नए कार्यो की स्वीकृतियां, हरियालो राजस्थान अन्तर्गत पौधारोपण, प्रगतिशील कृषकों से चर्चा, किसान चौपाल, कृषि विज्ञान केन्द्रों पर संगोष्ठी एवं कृषि शिक्षा कार्यशाला, स्वायत्त शासन विभाग द्वारा जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं मरम्मत, जल स्त्रोतों पर दीप प्रज्वलन, अमृत 2.0 अर्न्तगत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं से साफ-सफाई एवं रख-रखाव कार्यक्रम, शहरी रोजगार योजना अर्न्तगत पौधारोपण के लिए अग्रिम तैयारी, महापुरूषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई, प्लास्टिक कचरे का चिन्हित स्थल पर निष्पादन नो प्लास्टिक डे, अमृत 2.0 अन्तर्गत नए कार्यादेश जारी करना एवं पूर्ण कार्यो का अवलोकन, सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहयोग से सरकारी भवनों में स्थित आरटीडब्ल्यूएचएस की साफ-सफाई एवं रख-रखाव कार्यक्रम एवं 20 जून शुक्रवार को जल संसाधन विभाग द्वारा जल उपभोक्ता समूहों के द्वारा कार्यक्रम, जल शक्ति अभियान कैच द रैन अर्न्तगत कार्यक्रम, जल संचय जन भागीदारी अर्न्तगत कार्यक्रम, नए पूर्ण कार्यो का लोकार्पण, नहरों एवं खालों की जल उपयोगिता संगम एवं कृषकों के सहयोग से साफ-सफाई, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल स्त्रोतों की साफ-सफाई, आरटीडब्ल्यूएचएस तकनीक की जानकारी, जल परीक्षण अभियान तथा भू-जल विभाग द्वारा कर्मभूमी से मातृभूमी अभियान के तहत कार्यो का अवलोकन एवं स्वीकृति कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चयनित गांवों में शिविरों का होगा आयोजन

**धौलपुर ब्यूरो।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जिले में चयनित 44 गांवों में जनजातिय वर्ग के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए जन चेतना के उद्देश्य से 30 जून तक जिले के चयनित गांवों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद आव्हाद निवृत्ती सोमनाथ ने बताया कि चयनित गांवों में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक लगने वाले शिविरों में आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आयुष्मान भारत, मिशन इन्द्र धनुष, टीबी मुक्त भारत और निक्षय पोषण योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, मुद्रा योजना, बीमा योजना, स्टेण्ड अप इंडिया स्कीम, वन धन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, महात्मा गांधी नरेगा, पीएम आवास योजना, स्वामित्व योजना, घरों का विद्युतीकरण, नई सौर ऊर्जा योजना, जल जीवन मिशन, वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग पेंशन, समग्र शिक्षा अभियान, भारत नेट, पशुधन मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना, कौशल भारत मिशन से सम्बन्धित कार्य सम्पादित किए जाएगें।

**इन जगहों पर होगा शिविरों का आयोजन–**

उन्होंने बताया कि 19 जून को धनैरा, खिन्नोट, नारायन पुरा, कुहावनी, 20 जून को लीलौठी, तरवा, खौरपुरा, 21 जून को गुढ़ा, मोठियापुरा, कांसोटी-खेड़ा, 23 जून को डोमई, मड़ासिल, धनौरा, 24 जून को सुरारी-कला, शीतलपुरा, उमरेह, 25 जून को गढ़ी, जखा, सुनीपुर, 26 जून को दुर्गसी, मुगलपुरा, खानपुर-मीना, 27 जून को बड़ापुरा, हुलासपुरा, कांकरई, 28 जून को सुरारी-खुर्द, कुरिगवां तथा 30 जून को कोयला, खुर्दिया में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए निर्देश- एक पोलिंग बूथ पर 1200 से अधिक मतदाता न हो

## राजस्थान के लगभग 52500 बीएलओ का जुलाई में प्रशिक्षण

**धौलपुर ब्यूरो।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा भारत मंडपम नई दिल्ली में 2 जुलाई को बीएलओ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें राजस्थान के लगभग 200 बीएलओ सहित देशभर से लगभग 2500 बीएलओ भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के शेष बीएलओ का प्रशिक्षण जिला स्तर पर ही आयोजित किया जाएगा। महाजन मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए जिला निर्वाचन अधिकारियों सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को वोटिंग प्रक्रिया में किसी तरह की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए कि गत विधानसभा तथा लोकसभा चुनावों में जिन पोलिंग बूथों पर 6 बजे बाद तक कतार लगी रहीं तथा जहां मतदाता संख्या 1200 से अधिक है, ऐसे पोलिंग बूथों का शीघ्र ही पुनर्गठन करना सुनिश्चित करें। बीएलओ को पहचान पत्र जारी करने के भी निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों की ओर से मतदान केन्द्र स्तर तक एजेंट (बीएलए) का नामांकन और चुनावी प्रक्रियाओं के प्रबंधन में इन एजेंट्स की तय दिशा-निर्देशों के अनुरूप सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करवाने के भी निर्देश दिए। श्री महाजन ने कहा कि प्रदेश के नवीन जिलों में जिला निर्वाचन अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने नवीन जिलों में नोडल ऑफिसर की नियुक्ति, आईटी इनेबल्ड सेल क्रियेशन, ईवीएम वेयरहाउस, जिला कॉल सेन्टर, इआरओ-नेट पर कंट्रोल टेबल अपडेशन, विभिन्न समितियों का गठन आदि कार्य समयबद्ध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने चुनावी प्रक्रिया को और अधिक सुलभ, पारदर्शी तथा प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म शईसीआईनेटश् का निर्माण किया है। यह वर्तमान में ट्रायल फेज में है। यह प्लेटफॉर्म 40 से अधिक मौजूदा मोबाइल और वेब ऐप्स को समेकित करता है, जिससे उपयोगकर्ताओं को चुनाव संबंधी सभी सेवाएँ एक ही जगह पर सहजता से उपलब्ध हो जाती हैं। इससे न केवल नागरिक, बल्कि चुनाव अधिकारी, मीडिया एवं राजनीतिक दल भी चुनावी जानकारी तक आसान और त्वरित पहुँच प्राप्त कर सकेंगे। वीडियो कांफ्रेंस में सभी जिला कलक्टर्स सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# निपुण भारत मिशन के अंतर्गत दो दिवसीय गणित विषय का रिफ्रेशर प्रशिक्षण डाइट मुरैना में सम्पन्न

## डायट प्राचार्य श्री एस.एस. तोमर, सहायक संचालक वर्षा कोली, निपुण प्रोफेशनल दुर्गेश सिंह ने प्रशिक्षण का किया निरीक्षण



**मुरैना,कांस।** नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत संचालित निपुण भारत मिशन, जिसे मध्यप्रदेश सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मिशन अंकुर कार्यक्रम के नाम से सभी प्राथमिक विद्यालयों में संचालित किया जा रहा है। जहां कक्षा 1 से 4 तक में पढ़ाई कर रहे बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान के लक्ष्यों को प्राप्त करने के उद्देश्य से विभिन्न नवाचार किये जा रहे है। प्रत्येक कक्षों में शिक्षकों के लिए शिक्षक संदर्शिका, बच्चों को प्रगति देखने हेतु आकलन ट्रैकर, विषयवार पाठ्यपुस्तक, अंकुर अभ्यास पुस्तक, शिक्षक शिक्षण सामग्री (टीएलएम) का वितरण किया गया है। इसी क्रम में गणित विषय पढ़ाने वाले कक्षा 1, 2 के शिक्षकों का दो दिवसीय गणित एफएलएन रिफ्रेशर प्रशिक्षण में निरीक्षण करने पहुंचे डायट प्राचार्य श्री एसएस तोमर और सहायक संचालक वर्षा कोली ने शिक्षकों को प्रशिक्षण में बताएं गए समस्त बदलाओं को विद्यालयों में लागू करने हेतु प्रेरित किया। सहायक संचालक वर्षा कोली ने शिक्षकों से बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अलग-अलग कक्षावार निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार क्रियाकलाप के माध्यम से पठन पाठन कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि बच्चों में विषय की बुनियाद का होना सबसे आवश्यक है, सभी मिलकर इसके लिए प्रयास करें। निपुण प्रोफेशनल दुर्गेश सिंह ने प्रशिक्षण में बताया कि एनसीईआरटी द्वारा राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा, बुनियादी स्तर 2022 (एनसीएफ एफएस 2022) में बताए गए सुझाव के अनुसार स्कूल शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश सरकार द्वारा कक्षा 1 और 2 की पाठ्यपुस्तक में बदलाव किया गया है। अब गणित के जादू की जगह आनंदमय गणित की पाठ्यपुस्तक सभी विद्यालयों में लागू की गई है। कक्षावार लक्ष्यों में भी परिवर्तन किया गया है, सीसीपीए की जगह एलएसआरडब्लू और फोर ब्लॉक का उपयोग शिक्षक संदर्शिका में किया गया है। इस अवसर पर डायट व्यख्याता श्री सुदेश सक्सेना, श्री पंकज शर्मा, प्रशिक्षण प्रभारी श्री पंजाब सिंह यादव, मास्टर ट्रेनर श्री महावीर प्रसाद शर्मा, श्री रामकुमार भारद्वाज, श्री संतोष कुलश्रेष्ठ, श्री ब्रिजेश शर्मा और समस्त प्रतिभागी शिक्षक उपस्थित थे।

# अ.भा.धोबी महासभा के अर्जुन सिह रजक जिला प्रभारी नियुक्त



**मुरैना,कांस।** अखिल भारतीय धोबी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष श्री बलवीर नीबोरिया, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री मनोज सुल्ताने, चम्बल संभाग के संभागीय अध्यक्ष श्री यदुनाथ सिंह वर्मा एवं म.प्र. युवा इकाई के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष श्री मनीष रजक (गुना) की अनुशंसा पर जिले के युवा कार्यकर्ता समाज के प्रति हमेशा तत्पर रहने वाले समाज सेवी अर्जुन सिंह रजक निवासी छौंदा को महासंघ की युवा इकाई का जिला प्रभारी नियुक्त किया है। अर्जुन सिंह रजक ने अपने मनोनयन पर महासंघ के वरिष्ठ पदाधिकारियो का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौपी गई है, उसे वे पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से निर्वहन कर समाज एवं संगठन को मजबूत करने का पूर्ण प्रयास करेंगें। श्री रजक के जिला प्रभारी बनने पर उन्हें उनके मित्रों, शुभ चिन्तको एवं महासंघ के पदाधिकारियो एवं कार्यकर्ताओ ने बधाई दी बधाई देने वालो में प्रदेश सचिव आकाश रजक,युवा इकाई जिलाध्यक्ष राजू रजक,श्री दिनेश पटेल,राकेश रजक,, महाराज सिंह रजक, रिन्कू रजक,बलवीर रजक,जितेन्द्र रजक, प्रकाश रजक, विनोद रजक,विनोद रजक जौराखुर्द,बॉबी रजक, संदीप रजक आदि।

# पीसीपीएनडीटी एक्ट संबंधी बैठक 20 जून को

**मुरैना,कांस।** गर्भ धारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीकी अधिनियम (पीसीपीएनडीटी एक्ट) के तहत गठित जिला सलाहकार समिति की बैठक 20 जून को दोपहर 03 बजे मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मुरैना के सभागार में आयोजित की गई है। बैठक में समस्त सदस्यों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

# लक्ष्मीबाई महिला सशक्तिकरण की प्रतीक, नारी की भूमिका को राष्ट्र योद्धा के रूप में स्थापित किया : डॉ. सिकरवार

## रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर पौधारोपण किया, व्याख्यानमाला का आयोजन हुआ



**मुरैना,कांस।** अमर शहीद रानी लक्ष्मीबाई की वीरता और बलिदान को स्मरण करते हुए बिस्मिल शिक्षा एवं जनकल्याण सेवा संस्थान द्वारा एक प्रेरणादायक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकगण, और समाज के विभिन्न वर्गों से जुड़े गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। इस मौके पर वक्ताओं ने अपने विचार रखते हुए रानी लक्ष्मीबाई के साहस, स्वाभिमान और देशप्रेम को नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। सभी ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी संकल्प लिया। शिक्षा एवं जनकल्याण सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. नरेश सिंह सिकरवार ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई सम्पूर्ण राष्ट्र की नारी शक्ति की आत्मसम्मान और स्वराज्य की चेतना की प्रतीक हैं। मातृ भूमि की रक्षा के लिए उन्होंने जिस वीरता, नीति और नेतृत्व का परिचय दिया, वह आज भी हर भारतीय के मन में गर्व और प्रेरणा का स्त्रोत है। उनका जीवन यह प्रमाणित करता है कि संकल्प, साहस और समर्पण के बल पर कोई भी असंभव कार्य संभव किया जा सकता है। रानी लक्ष्मीबाई ने नारी की भूमिका को केवल घर-परिवार तक सीमित न रखते हुए राष्ट्र के लिए समर्पित योद्धा के रूप में स्थापित किया। वे महिला सशक्तिकरण की वह जीवित मिसाल हैं, जिन्होंने यह दिखाया कि स्त्रियाँ केवल कोमल नहीं, कठोर संघर्ष की प्रतिमूर्ति भी बन सकती हैं। डॉ. सिकरवार ने युवाओं को आह्वान करते हुए कहा कि वे रानी लक्ष्मीबाई के जीवन से प्रेरणा लें और अपने अंदर कर्तव्य, परिश्रम और देशभक्ति की भावना जागृत करें। उन्होंने कहा कि आज देश को फिर ऐसे नायक-नायिकाओं की आवश्यकता है जो व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर समाज, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे रानी लक्ष्मीबाई के जीवन से सीख लें और समाज तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। आयोजन में अंत में रानी लक्ष्मीबाई को श्रद्धांजलि अर्पित कर राष्ट्गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। मुख्य रूप से विमलेश यादव, सतंजय मिश्रा, शिवराज जालौन, राजेंद्र शर्मा, विनोद शर्मा, अजय राजपूत, रघुराज परमार , डॉ हरेंद्र तोमर, कुबेर खरे आदि शामिल रहे।

# खेत में लगे करंट के तार से तीन गाय एक बछडे की मौत

## खेत मालिक के खिलाफमामला दर्ज

**मुरैना,कांस।** सिहोनिया थाना क्षेत्र के ग्राम गोपी में एक किसान द्वारा अपने खेत पर लगाए गए करंट के तार से तीन गाय व एक बछडे की करंट से मौत का मामला प्रकाश में आया हैं। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम गोपी में निवास करने वाले किसान बालिकराम केवट निवासी मनफूल का पुरा ने अपने खेत में मवेसियो से बचने के लिए तार लगाकर उसमें करंट प्रवाहित कर दिया था, जिसकी चपेट में आने से तीन गाय एवं एक बछडे की करंट से दर्दनाक मौत हो गई। थाना पुलिस ने घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुँच कर घटना का मौका मुआयना कर फरियादी भूरा पुत्र राजराम तोमर निवासी गोपी की रिपोर्ट पर से आरोपी किसान के खिलाफ बीएनएस की धारा 324(4),289 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# जिले में अब तक 34.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज जिले की औसत वर्षा 706.9 मिलीमीटर है

**मुरैना,कांस।** मुरैना जिले में 01 जून से 18 जून, 2025 तक 34.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो गत वर्ष की तुलना में 30.2 मिलीमीटर वर्षा अधिक है। पिछले वर्ष इसी अवधि में 4.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख मुरैना ने बताया कि जिले में 01 जून से 18 जून तक सर्वाधिक वर्षा जौरा में 60 मिलीमीटर दर्ज की गई है। मुरैना में 50.2, कैलारस में 45, पोरसा में 23, सबलगढ़ में 22 और अम्बाह तहसील में सबसे कम 9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। 18 जून, बुधवार को सर्वाधिक 39 मिलीमीटर वर्षा जौरा में दर्ज की गई है। कैलारस में 36, सबलगढ़ में 18, मुरैना में 12, अम्बाह में 4 और पोरसा में 3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जबकि जिले की औसत वर्षा 706.9 मिलीमीटर है।

# नूराबाद पुलिस ने अवैध गांजा पकडा

**मुरैना,कांस।** नूराबाद थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर से नूराबाद टेकरी पहाडी के पीछे 17 पैकेट गांजे के एवं एक कार जप्त की है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा पकडे गए 17 गांजे के पैकेट की कीमत साढे तीन लाख रूपये बताई गई है। तथा दस लाख रूपये कार की कीमत आंकी गई है। थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियो के खिलाफ8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# सड़क हादसे में मासूम बच्ची के दोनों पैर टूटे, बाइक चालक भी गंभीर रूप से घायल

**पोरसा।** पोरसा तहसील के पास स्थित पद्दूपुरा गांव में बुधवार को एक हृदय विदारक सड़क हादसा सामने आया, जिसमें एक मासूम बच्ची और बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना उस समय हुई जब तीन वर्षीय सौरभी नामक बच्ची पास की दुकान से कुछ सामान लेने के बाद वापस लौट रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, उसी दौरान खुशालपुरा गांव से पोरसा की ओर आ रहा एक बाइक सवार तेज रफ्तार में आया और सौरभी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बच्ची के दोनों पैर फ्रैक्चर हो गए और शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आईं। हादसे में बाइक चालक अभिषेक सिंह तोमर भी असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़ा, जिससे उसके चेहरे और शरीर पर गहरी चोटें आईं।

वहीं बाइक के पीछे बैठे युवक विष्णु सिंह तोमर को मामूली चोटें लगी हैं। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तुरंत पोरसा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया।

बच्ची सौरभी की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि उसके दोनों पैरों में फ्रैक्चर है और उसे विशेष उपचार की आवश्यकता है। बाइक चालक अभिषेक सिंह तोमर की भी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। चेहरे और शरीर में गंभीर चोटों के चलते उसे भी जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

# समेकित बाल संरक्षण (मिशन वात्सल्य) योजनांतर्गत पॉक्सो 2012 व किशोर न्याय अधिनियम 2015 प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित हुई

## संवेदनशीलता पूर्वक कार्य करते हुए समाज में बाल हितैषी वातावरण निर्मित करें - उपाध्याय




**दतिया।** समेकित बाल संरक्षण (मिशन वात्सल्य) योजनांतर्गत लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण अधिनियम पॉस्को एक्ट 2012, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 व बाल अधिकार विषय पर प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग दतिया द्वारा डाईट एवं पोषण क्लव में आज में किया गया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अरविन्द उपाध्याय द्वारा बताया गया कि बाल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वाले स्टेक होल्डर्स को अपने कार्य क्षेत्र में सुगमता पूर्वक कार्य करने हेतु क्षमता वर्धन कार्यक्रमों का विभाग द्वारा समय-समय पर आयोजन किया जाता हैं। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशिक्षण लेकर हमें बालकों के सर्वागींण विकास, संरक्षण, शिक्षा एवं सुरक्षा को केन्द्र में रखते हुए समाज में बाल हितैषी एवं संवेदनशील वातावरण निर्मित करने की आवश्यकता हैं। इस हेतु यह आवश्यक हैं कि स्टेक होल्डर्स संवेदनशीलता पूर्वक कार्य करें। उक्त कार्यक्रमों में मुख्य वक्ता के रूप में बाल संरक्षण अधिकारी श्री धीरसिंह कुशवाह द्वारा लैंगिक अपराधों से बालकों के संरक्षण अधिनियम पॉस्को एक्ट 2012, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 व बाल अधिकार विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि देखरेख और संरक्षण वाले बच्चों के सर्वोत्तम हित के लिए जिला स्तर पर बाल कल्याण समिति का गठन किया गया हैं। किशोर न्याय अधिनियम के तहत पाए गए बालक या गुमशुदा बालक देखरेख व संरक्षण वाले बच्चों की सूचना अथवा रिपोर्टिंग न करने पर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। श्री आकाश श्रीवास्तव के द्वारा फॉलोअप के संबंध में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में प्रभावी संचालन श्री राजीव चौबे ने किया। उक्त प्रशिक्षणो में बार्ड एवं ग्राम बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति सदस्य महिला एवं बाल विकास विभाग से परियोजना अधिकारी श्री विजय पंडोरिया, श्रीमती प्रतिमा पाठक, सुश्री नीलम मिश्रा, श्रीमती आरती गुप्ता,मनीष शर्मा, हेमंत नामदेव,यशदीप राजपूत,आमिर खॉन, घनश्याम राजपूत, नारायण प्रजापति आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# नए सत्र में स्वास्थ्य की पहली पाठशाला दतिया में विद्यार्थियों को नींबू पानी के साथ खिलाई गई आयरन गोलियां



**दतिया।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद जैसे ही विद्यालयों में नया शैक्षणिक सत्र आरंभ हुआ, स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग ने मिलकर छात्रों के बेहतर भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। शासकीय माध्यमिक विद्यालय, हाथीखाना में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.के. वर्मा की अध्यक्षता में ''एनीमिया मुक्त भारत अभियान'' के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. डी.के. सोनी, एविडेंस एक्शन के संभागीय समन्वयक श्री ऋषिकांत पांडेय तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री सौमित्र बुधौलिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं को स्वास्थ्य अमले व शिक्षकों की उपस्थिति में नींबू पानी के साथ आयरन की गोलियां वितरित की गईं। बच्चों को बताया गया कि आयरन की गोली के नियमित सेवन से शरीर में खून की कमी (एनीमिया) की समस्या को रोका जा सकता है। साथ ही, यह भी समझाया गया कि विटामिन सी युक्त पेय जैसे नींबू पानी के साथ गोली लेने से शरीर में आयरन का अवशोषण बेहतर होता है। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. डी.के. सोनी ने कहा, ''बच्चों की उम्र में आयरन की कमी उनकी मानसिक और शारीरिक वृद्धि पर असर डालती है। इसीलिए हम सभी स्कूलों में नियमित आयरन वितरण सुनिश्चित कर रहे हैं। स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से यह अभियान और अधिक असरकारी होगा।'' संभागीय समन्वयक (एविडेंस एक्शन) श्री ऋषिकांत पांडेय ने कहा, ''हमारा प्रयास है कि आयरन वितरण केवल औपचारिक गतिविधि न रहे, बल्कि शिक्षक स्वयं इसमें रुचि लेकर बच्चों को इसका महत्व समझाएं। नींबू पानी के साथ गोली खिलाना वैज्ञानिक दृष्टिकोण से एक प्रभावी तरीका है, जिसे सभी विद्यालय अपनाएं।'' कार्यक्रम के अंत में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वर्मा ने सभी शिक्षकों को निर्देश दिए कि इस शैक्षणिक सत्र में विद्यालय स्तर पर बच्चों को नियमित रूप से आयरन की गोली दी जाए तथा खून की कमी से जुड़े लक्षणों पर सतत निगरानी रखी जाए, उन्होंने कलेक्टर महोदय की बैठक में लिए गए निर्णयों का हवाला देते हुए जिले में शिक्षा विभाग के शिक्षकों एवं अभिभावकों से भी अपील करते हुए कहा कि सभी इस अभियान को जन आंदोलन का रूप दें। सभी स्तरों पर समन्वय कर ही जिले को एनीमिया मुक्त बनाया जा सकता है।

# हारजीत का दांव लगाते जुआरी धरे

**मुरैना,कांस।** बानमोर थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर से हारजीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे आरोपी कालीचरण, रवेन्द्रसिंह, रामपाल समस्त जाति जाटव निवासीगण बानमोर को रेल्वे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1240 रूपये तथा एक ताश की गड्डी जप्त कर आरोपियो के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

# अकार्यशील/परिसमापनाधीन संस्थाओं के पंजीयन निरस्ती करने की कार्यवाही जारी

**दतिया।** सहायक पंजीयक सहाकारी संस्थाऐं दतिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाऐं मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशों के परिपालन में विगत कई वर्षो से अकार्यशील/परिसमापनीधीन संस्थाओं के अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाकर संस्थाओं के पंजीयन निरस्ती की कार्यवाही की जानी है। विभिन्न संस्थाओं के समस्त सदस्यगणों के सूचित किया जाता है कि यदि उनको उक्त संस्थाओं से किसी भी प्रकार की कोई लेनदारी शेष हो तो जारी सूचना के 15 दिवस के भीतर अपने आपत्ति सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाऐं कार्यालय पुरानी कलेक्ट्रेट में उपस्थित होकर लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं अन्यथा निर्धारित समय के पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

# मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**दतिया।** अपर कलेक्टर ने आदेश जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान मद से वित्तीय वर्ष 2024-25 में आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। श्री मान सिंह धाडक पुत्र श्री मनीराम 159 ग्राम व पोस्ट ररूआजीवन तहसील इंदरगढ़ दतिया को 50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# सरायछौला पुलिस एवं वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध रेत से भरा टेक्टर-ट्रॉली जब्त किया

## अवैध रूप से भंडारित करीबन 400 ट्रॉली रेत कीमती 15 लाख का नष्टीकरण कराया



**मुरैना,कांस।** पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ (भापुसे) द्वारा जिले में रेत का अवैध रूप से परिवहन, उत्खनन एवं भण्डारण करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु संपूर्ण मुरैना जिले में विशेष अभियान संचालित कराया जाकर जिला मुरैना के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण (पुलिस) एवं थाना प्रभारियों को चंबल नदी के अवैध रेत परिवहन / उत्खनन / भण्डारण के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त अभियान के तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र पाल सिंह डावर के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक मुरैना श्रीमती दीपाली चन्दौरिया के मार्गदर्शन में थाना सरायछौला पुलिस एवं वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 17.06.25 को चम्बल नदी पुल राजघाट पर अवैध रूप से भण्डारित किए गए लगभग 400 ट्रॉली रेत का नष्टीकरण किया गया साथ ही अवेध रेत से भरे टेक्टर-ट्रॉली को भी विधिवत् जब्त किया गया। दिनांक 17.06.25 को उनि के. के. सिंह थाना प्रभारी सरयछौला को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्रांतर्गत चम्बल पुल राजघाट क्षेत्र में बड़ी मात्रा में अवैध रूप से उत्त्खनित किया गया चम्बल नदी का रेत भण्डारण करके रखा हुआ है, थाना प्रभारी सरायछौला द्वारा मुखबिर की सूचना से वन विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया। तदोपरांत पुलिस एवं वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा योजनाबद्ध तरीके से कार्यवाही करते हुए मय दल-बल की उपस्थिति में मुखबिर के बताए स्थान पर पहुंचकर देखा तो वहां पर करीबन 400 ट्रॉली रेत अवैध रूप से भण्डारित पाया गया, तदोपरांत पुलिस व वन विभाग की टीम संयुक्त टीम द्वारा उक्त अवैध रूप से भण्डारित किए गए करीबन 400 ट्रॉली (800 घनमीटर) रेत कीमती करीबन 15 लाख रूपय को जेसीबी मशीन के माध्यम से मिट्टी में मिलाकर नष्ट किया गया। साथ ही मौके से अवैध रेत से भरे टेक्टर-ट्रॉली कीमती करीबन ?7 लाख को विधिवत् जब्त कर वन विभाग द्वारा राजसात की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

# विद्यालयों के संचालन को लेकर डीईओ व डीपीसी ने किए अलग-अलग आदेश जारी

## विद्यालय संचालक असमंजस में किस आदेश का करें पालन



कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र, जिला मुरैना (म.प्र.)

फोन 07532-227650, 250509 ईमेल - zskmorenamp@gmail

क्र./एसएसए/ईएण्डआर/2025/ 1138 मुरैना, दिनांक 18/6/2

प्रति,

खण्ड स्त्रोत समन्वयक,
जनपद शिक्षा केन्द्र (समस्त)
जिला मुरैना

विषय- विद्यालय नियमित संचालन के संबंध में।
संदर्भ- राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल से प्राप्त निर्देश के क्रम में।

----000----

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भ के क्रम में लेख है कि सत्र 2025-26 में 01 जून 2025 से जिले संचालित समस्त शासकीय विद्यालयों में दिनांक 16 जून 2025 से छात्र/छात्राओं का अध्ययन अध्यापन प्रारंभ चुका है। विद्यालयों का संचालन नियमित रूप से किया जाये तथा विद्यालयों में निरीक्षण के समय निम्नलि व्यवस्थाऐं पूर्ण उपलब्ध होना चाहिऐ।

1. शाला संचालन प्रातः 10:30 बजें से 04:30 बजें तक नियमित रूप से किया जाये यदि कोई शिक्षक अवक पर जाता है तो उसका नियमानुसार स्वीकृत आवेदन विद्यालय पर होना आवश्यक है।
2. मध्यान्ह भोजन नियमित एवं मीनू अनुसार संचालन हो इसका उत्तर दायित्व संस्था प्रधान का रहेगा।
3. व्ही.सी. में प्राप्त निर्देशो के अनुसार विद्यालय क्षेत्र में आने वाले सभी ग्राम, टोला व मजरो का व्ही.ई.आर. कराया जाये व्ही.आर. सर्वे में स्कूल से वाहर शाला त्यागी एवं अप्रवेशी छात्र प्राप्त होते तो उनकी सूची ख स्त्रोत समन्वयक के माध्यम से जिला शिक्षा केन्द्र में जमा करे तथा ऐसे छात्रों को तत्काल विद्यालय में कराया जावे।
4. व्ही.ई.आर. सर्वे में 6 से 7 वर्ष के बच्चों को कक्षा 1 में तत्काल प्रवेश कराया जावे और इस बात का ध रखा जावे कि कक्षा 1 में प्रवेश हेतु कोई भी बालक/बालिका शाला में प्रवेश से वंचित न रहे।
5. कक्षा 8 उत्तीर्ण छात्र/छात्राओ को संबंधित माध्यमिक विद्यालय द्वारा ही कक्षा 9 वी में प्रवेश दिलाया ज सुनिश्चित करें।
6. छात्र/छात्राओं की बैठक व्यवस्था के लिए फर्स या मैटी की व्यवस्था कराई जावे।
7. शाला भवन की साफ-सफाई एवं रंगाई पुताई तथा शौचालय क्रियाशील हो तथा पेयजल व्यवस्था सुच रूप से होना चाहिए जो बच्चो की पहुच में हो।
8. समस्त छात्र/छात्राओं का नामांकन 31 जुलाई तक पोर्टल पर किया जाना हैं। नामांकन शतप्रतिशत न होने स्थिति में प्रधानाध्यापक के साथ-साथ जनशिक्षक को भी दोषी माना जावेगा।
9. निःशुल्क पाठ्य पुस्तको का वितरण शतप्रतिशत छात्रों को किया जाना सुनिश्चित करें।
10. समस्त अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की Educationportal3.0 पोर्टल पर समय सीमा में अपडेट की जावे।

जिला परियोजना समन्वयक
जिला शिक्षा केन्द्र मुरैना

पृ.क्र./एसएसए/ ईएण्डआर /2025/1139 मुरैना, दिनांक 18/6/25

प्रतिलिपि:-
1. संचालक,राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर, जिला मुरैना की ओर सादर सूचनार्थ।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत मुरैना की ओर सादर सूचनार्थ।

जिला परियोजना समन्वयक
जिला शिक्षा केंद्र मुरैना



कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मुरैना म0प्र0

क्रमांक/स्था./2025/3611 मुरैना, दिनांक 18/6/25

// आदेश //

जिला मुरैना अन्तर्गत ग्रीष्म ऋतु के तापमान में वृद्धि होने के कारण कलेक्टर महोदय के अनुमोदन उपरांत कार्यालयीन आदेश क्रमांक/स्था./2025/2219-20 मुरैना दिनांक 09.04.2025 द्वारा जिले की समस्त शासकीय/अशासकीय/ सीबीएसई/अनुदान प्राप्त शालाओं में प्ले ग्रुप से कक्षा 2 तक की कक्षायें प्रातः 09:00 बजे से 01:00 बजे तक तथा कक्षा 3 से कक्षा 12 तक की कक्षायें प्रातः 08:00 बजे से 01:30 बजे तक संचालन किये जाने के आदेश प्रसारित किये गये।

ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्त होने के उपरांत वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025-26 अन्तर्गत शालाओं का संचालन शुरू हो चुका है।

अतः जिलान्तर्गत संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय/सीबीएसई/अनुदान प्राप्त शालाओं में पूर्वानुसार प्ले ग्रुप से कक्षा 2 तक की कक्षायें प्रातः 09:00 बजे से 01:00 बजे तक तथा कक्षा 3 से कक्षा 12 तक की कक्षायें प्रातः 08:00 बजे से 01:30 बजे तक अन्य आदेश होने तक संचालित होंगी। समस्त शैक्षणिक अमला निर्धारित समय में विद्यालयों में उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षायें यथावत संचालित रहेंगी।

उक्तानुसार आदेश का पालन किया जाना सुनिश्चित करें।

(एस.के.सक्सैना)
जिला शिक्षा अधिकारी
जिला मुरैना

पृ0 क्रमांक/स्था./2025/3612 मुरैना, दिनांक 18/6/25

प्रतिलिपि:-
1. आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल।
2. आयुक्त राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र.भोपाल।
3. आयुक्त चम्बल संभाग मुरैना।
4. कलेक्टर जिला मुरैना।
5. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुरैना।
6. संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग ग्वालियर।
7. जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र मुरैना।
8. समस्त विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी जिला मुरैना।
9. समस्त विकास खण्ड स्त्रोत समन्वयक जिला मुरैना।
10. समस्त प्राचार्य/प्रधानाध्यापक शासकीय/अशासकीय/ सीबीएसई/अनुदान प्राप्त विद्यालय जिला मुरैना।

की ओर सूचनार्थ, पालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला मुरैना

**मुरैना,कांस।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद नवीन शैक्षणिक शास्त्र शुरू हो चुका है इसके लिए विद्यालयों के संचालन की समय सारणी जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक के द्वारा अलग-अलग आदेश जारी किए गए हैं, जिसमें विद्यालय संचालन का समय अलग-अलग निर्धारित किया गया है जिसे लेकर लेकर संस्था प्रमुख असमंजस की स्थिति में बने हुए हैं कि वे किस आदेश का पालन किया जाए किसी आदेश का पालन न किया जाए । डीईओ एवं डीपी सी द्वारा जारी किए आदेशों को लेकर शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# मुरैना पुलिस ने युवती हत्याकांड के मुख्य आरोपी को दबोचा



**मुरैना,कांस।** मुरैना पुलिस ने थाना बागचीनी क्षेत्र में हुए एक युवती के हत्याकांड का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को हिरासत में ले लिया है। इस मामले में आगे की जांच और पूछताछ जारी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दिनांक 16.06.2025 को थाना बागचीनी क्षेत्र अंतर्गत अज्ञात आरोपी द्वारा एक युवती की हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था। इस गंभीर मामले में थाना बागचीनी में मर्ग क्रमांक 25/25 पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए, मुरैना पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जांच का दायरा बढ़ाया। उक्त मर्ग की जांच के दौरान पुलिस द्वारा विस्तृत पूछताछ और गहन तकनीकी विश्लेषण किया गया। इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, घटना के मुख्य आरोपी सरनाम सिंह को अभिरक्षा में लेने में सफलता मिली है। फिलहाल, पुलिस आरोपी सरनाम सिंह से घटना में प्रयुक्त हथियार और अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है। उम्मीद है कि जल्द ही इस हत्याकांड से जुड़े सभी पहलुओं का पूरी तरह से खुलासा हो जाएगा। पुलिस ने बताया कि मामले की विवेचना अभी जारी है और सभी आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

